भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या – 3715

उत्तर देने की तारीख : 21.12.2021

डी.डी.आर.एस. योजना

3715. श्री राजेन्द्र अग्रवाल :
श्री राजबहादुर सिंह :
श्री कृष्णपाल सिंह यादव :
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
श्री संगम लाल गुप्ता :
श्री पी.पी. चौधरी :
श्री महेन्द्र सिंह सोलंकी:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (डी.डी.आर.एस.) मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों में लागू की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश सहित राज्य-वार और जिला-वार कितनी निधि आवंटित की गई है और कितनी परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं;

(ग) योजना के तहत महिला लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) सरकार द्वारा योजना की सुलभता बढ़ाने और विस्तार के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क) और (ख): जी, हां । सरकार दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना (डीडीआरएस) का कार्यान्वयन कर रही है, जिसके तहत मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्यों सहित देश में दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडी) के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है । डीडीआरएस के तहत पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटित निधियों और स्वीकृत परियोजनाओं को दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है । उत्तर प्रदेश को आवंटित निधियों एवं स्वीकृत परियोजनाओं का जिलेवार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है ।

(ग): डीडीआरएस योजना के तहत, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) द्वारा चलाई जा रही प्रत्येक परियोजना के लिए पात्र लाभार्थियों की कुल संख्या के आधार पर निधियां जारी की जाती हैं। जिसके लिए लिंग-आधारित अलग-अलग आंकड़ों के बजाय, लाभार्थियों की कुल संख्या के आंकड़े रखे जाते हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान डीडीआरएस के तहत महिला लाभार्थियों सहित लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या को दर्शाने वाला विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है ।

(घ): योजना की सुगम्यता और विस्तार के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा उठाए गए कदमों में विभाग की वेबसाइट अर्थात् : www.disabilityaffairs.gov.in पर योजना का विवरण उपलब्ध कराना, डीडीआरएस योजना की और अधिक पारदर्शिता और सुविधा को बढ़ाने के लिए इसे एक ऑनलाइन पोर्टल ई-अनुदान पोर्टल के माध्यम से चलाना; सोशल मीडिया आउटरीच के माध्यम से योजना के बारे में जागरूकता पैदा करना, सम्मेलनों, संगोष्ठियों और प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन करना जिनमें गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रतिनिधियों, राज्य सरकार के अधिकारियों और जिला समाज कल्याण अधिकारियों को योजना के प्रावधानों के बारे में जागरूक करना और स्वतंत्र मूल्यांकन एजेंसियां के माध्यम से समय-समय पर योजना के प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया जाना शामिल हैं ।

******

अनुबंध-I

दिनांक 21.12.2021 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3715 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

विगत तीन वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान डीडीआरएस के तहत उत्तर प्रदेश राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार जारी राशि और स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या का विवरण।

(रु. लाख में)

| क्र.सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम | 2018-19 | | 2019-20 | | 2020-21 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी की गई राशि | स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या | जारी की गई राशि | स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या | जारी की गई राशि | स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1452.75 | 79 | 2663.05 | 67 | 1711.80 | 65 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 90.86 | 1 1 | 124.72 | 8 | 62.02 | 5 |
| 4 | बिहार | 43.87 | 4 | 23.67 | 1 | 0 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 40.64 | 4 | 49.78 | 2 | 1.63 | 1 |
| 6 | दिल्ली | 29.62 | 5 | 32.65 | 3 | 247.67 | 6 |
| 7 | गोवा | 0.59 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 97.44 | 17 | 131.96 | 10 | 23.32 | 5 |
| 9 | हरियाणा | 130.74 | 16 | 154.81 | 12 | 140.18 | 9 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 55.72 | 4 | 71.77 | 5 | 55.31 | 6 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 5.79 | 2 | 4.53 | 1 | 0 | 0 |
| 12 | झारखंड | 1.59 | 1 | 10.39 | 1 | 0 | 0 |
| 13 | कर्नाटक | 86.05 | 5 | 41.31 | 2 | 81.29 | 3 |
| 14 | केरल | 584.86 | 49 | 611.82 | 29 | 628.30 | 27 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 162.96 | 21 | 155.5 | 1 1 | 214.84 | 16 |
| 16 | महाराष्ट्र | 202.21 | 21 | 342.21 | 19 | 154.33 | 10 |
| 17 | मणिपुर | 525.16 | 39 | 974.01 | 28 | 530.09 | 22 |
| 18 | मेघालय | 54.32 | 6 | 32.59 | 4 | 105.37 | 4 |
| 19 | मिजोरम | 19.88 | 2 | 33.9 | 2 | 11.73 | 1 |
| 20 | नागालैंड | 2.49 | 1 | 2.48 | 1 | 26.31 | 1 |
| 21 | ओडिशा | 732.76 | 49 | 1001.05 | 49 | 742.03 | 42 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | पंजाब | 45.54 | 7 | 133.65 | 4 | 98.91 | 4 |
| 23 | राजस्थान | 152.21 | 19 | 261.6 | 19 | 144.01 | 8 |
| 24 | तमिलनाडु | 272.19 | 20 | 191.9 | 17 | 208.24 | 1 1 |
| 25 | त्रिपुरा | 0.27 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 760.28 | 48 | 1018.59 | 44 | 1161.31 | 42 |
| 27 | उत्तराखंड | 28.65 | 6 | 84.07 | 3 | 29.37 | 3 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 365.88 | 31 | 335.46 | 20 | 311.65 | 13 |
| 29 | तेलंगाना | 1014.16 | 70 | 1646.76 | 67 | 1034.30 | 34 |
| 30 | पुद्दुचेरी | 40.42 | 4 | 32.61 | 3 | 18.48 | 2 |
| कुल | | 6999.90 | 543 | 10166.84 | 432 | 7742.49 | 340 |

दिनांक 21.12.2021 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3715 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

उत्तर प्रदेश में आवंटित निधियों एवं स्वीकृत परियोजनाओं का जिलेवार विवरण

(रु. लाख में)

| क्र.सं | उत्तर प्रदेश के जिले का नाम | 2018-19 | | 2019-20 | | 2020-21 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जारी की गई राशि | स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या | जारी की गई राशि | स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या | जारी की गई राशि | स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या |
| 1 | आगरा | 53.42 | 1 | 11.88 | 1 | 49.06 | 2 |
| 2 | अलीगढ़ | 6.90 | 1 | 0.00 | 0 | 35.98 | 1 |
| 3 | इलाहाबाद | 38.97 | 2 | 119.18 | 2 | 66.14 | 2 |
| 4 | अम्बेडकर नगर | 3.69 | 1 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 |
| 5 | अमरोहा | 3.74 | 1 | 24.18 | 1 | 16.93 | 1 |
| 6 | औरैया | 4.34 | 1 | 29.53 | 1 | 30.65 | 1 |
| 7 | आजमगढ़ | 45.06 | 2 | 5.93 | 1 | 84.28 | 2 |
| 8 | बलिया | 0.52 | 1 | 19.79 | 1 | 19.16 | 1 |
| 9 | बरेली | 24.15 | 1 | 3.47 | 1 | 17.25 | 1 |
| 10 | बस्ती | 6.30 | 1 | 9.65 | 1 | 8.54 | 1 |
| 11 | बिजनौर | 17.93 | 1 | 0.00 | 0 | 33.01 | 1 |
| 12 | चंदौली | 5.52 | 1 | 0.00 | 0 | 54.95 | 1 |
| 13 | इटावा | 14.91 | 1 | 16.99 | 1 | 21.63 | 1 |
| 14 | फैजाबाद | 12.90 | 1 | 27.79 | 1 | 23.72 | 1 |
| 15 | फतेहपुर | 13.14 | 1 | 1.95 | 1 | 31.85 | 1 |
| 16 | गाज़ियाबाद | 20.69 | 2 | 70.91 | 2 | 27.71 | 2 |
| 17 | गाजीपुर | 25.71 | 2 | 50.62 | 3 | 5.32 | 3 |
| 18 | हाथरस | 5.06 | 1 | 5.06 | 1 | 31.15 | 1 |
| 19 | जौनपुर | 11.62 | 1 | 0.00 | 0 | 0.00 | 0 |
| 20 | झांसी | 2.43 | 1 | 9.73 | 1 | 0.00 | 0 |
| 21 | जे.पी. नगर | 4.06 | 1 | 3.94 | 1 | 54.28 | 1 |
| 22 | कानपुर | 51.11 | 1 | 71.03 | 1 | 13.88 | 2 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | कौशाम्बी | 9.00 | 1 | 46.37 | 1 | 57.87 | 1 |
| 24 | लखीमपुर | 9.31 | 1 | 25.51 | 1 | 24.65 | 1 |
| 25 | लखनऊ | 49.56 | 7 | 78.88 | 7 | 102.43 | 5 |
| 26 | मथुरा | 17.05 | 2 | 21.38 | 2 | 17.82 | 1 |
| 27 | मेरठ | 77.87 | 3 | 104.89 | 4 | 157.90 | 3 |
| 28 | मुरादाबाद | 74.15 | 2 | 14.79 | 1 | 49.53 | 1 |
| 29 | मुजफ्फरनगर | 2.50 | 1 | 0.51 | 1 | 0.00 | 0 |
| 30 | उन्नाव | 0.00 | 0 | 16.24 | 1 | 22.09 | 1 |
| 31 | वाराणसी | 148.65 | 5 | 228.40 | 5 | 103.52 | 3 |
| | कुल | 760.28 | 48 | 1018.58 | 44 | 1161.32 | 42 |

**दिनांक 21.12.2021 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3715 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

पिछले तीन वर्षों के दौरान डीडीआरएस के तहत महिला लाभार्थियों सहित कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा।

| क्र.सं. | राज्य का नाम | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 |
|---|---|---|---|---|
| | | लाभार्थी | लाभार्थी | लाभार्थी |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 7268 | 6187 | 5620 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 469 | 603 | 248 |
| 4 | बिहार | 323 | 53 | 0 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 229 | 187 | 110 |
| 6 | दिल्ली | 369 | 501 | 685 |
| 7 | गोवा | 70 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 762 | 864 | 378 |
| 9 | हरियाणा | 935 | 512 | 505 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 100 | 302 | 212 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 43 | 81 | 0 |
| 12 | झारखंड | 0 | 64 | 0 |
| 13 | कर्नाटक | 675 | 339 | 373 |
| 14 | केरल | 3780 | 2112 | 1656 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 1389 | 639 | 822 |
| 16 | महाराष्ट्र | 836 | 3036 | 2049 |
| 17 | मणिपुर | 3209 | 2597 | 1523 |
| 18 | मेघालय | 645 | 443 | 322 |
| 19 | मिजोरम | 153 | 168 | 20 |
| 20 | नागालैंड | 30 | 30 | 47 |
| 21 | ओडिशा | 3143 | 3239 | 5953 |
| 22 | पंजाब | 595 | 588 | 272 |
| 23 | राजस्थान | 1780 | 1096 | 370 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 |
| 25 | तमिलनाडु | 1368 | 786 | 706 |
| 26 | त्रिपुरा | 70 | 0 | 0 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 4623 | 4105 | 3580 |
| 28 | उत्तराखंड | 320 | 197 | 144 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 2417 | 3621 | 1935 |
| 30 | तेलंगाना | 5968 | 5513 | 3932 |
| 31 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0 | 0 |
| 32 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 0 |
| 33 | दादरा और नगर हवेली | 0 | 0 | 0 |
| 34 | दमन और दीव | 0 | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुद्दुचेरी | 234 | 141 | 80 |
| कुल | | 41803 | 38004 | 31542 |

*****